# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (16.11.2024)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 16.11.2024, PAGE-04**

# स्पेशल परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी, आज कालेज कराएंगे उपलब्ध

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। शुक्रवार को छुट्टी होने के कारण कालेजों ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट से इसे डाउनलोड नहीं किया है। अब शनिवार को कालेज खुलने के साथ ही एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उस पर प्राचार्य के हस्ताक्षर और मुहर के साथ छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराए जाएंगे।

एक दिन पहले और एक दिन बाद छुट्टी होने के कारण एडमिट कार्ड वितरण के लिए कालेजों को कम समय मिलेगा। ऐसे में एडमिट कार्ड के लिए छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ेगी। सोमवार से परीक्षा की शुरुआत होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के स्तर से तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

- सोमवार से होनी है परीक्षा, पांच जिलों में बनाए गए कुल 12 केंद्र
- एडमिट कार्ड के लिए कालेजों में विद्यार्थियों की आज उमड़ेगी भीड़



स्पेशल परीक्षा के लिए पांच जिलों में कुल 12 केंद्र बनाए गए हैं। जिले के तीन कालेजों में केंद्रों पर छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबलाल पासवान ने बताया कि एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। शनिवार को डाउनलोड कर कालेज छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराएंगे। उल्लेखनीय है कि स्पेशल परीक्षा में 24433 विद्यार्थियों को शामिल होना है। जिले में डा. जगन्नाथ मिश्र कालेज मुजफ्फरपुर में 3447, श्यामनंदन सहाय कालेज मुजफ्फरपुर में 2711 और एलएनटी कालेज मुजफ्फरपुर में 1453 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

**तीन सालों में छूटे, फेल या प्रमोट छात्र-छात्राएं दे रहे परीक्षा:** तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत पार्ट वन की आखिरी परीक्षा हो रही है। इसके बाद टीडीसी पार्ट वन की कोई भी स्पेशल परीक्षा नहीं होगी। अगर अब तक कोई छात्र इस परीक्षा के लिए अपना फार्म नहीं भर सके हैं तो उन्हें अब कोई भी मौका नहीं मिलेगा। दूसरी ओर विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष से चार वर्षीय स्नातक कोर्स की शुरुआत हो चुकी है। इसमें पिछले तीन सालों में छूटे हुए, फेल और प्रमोट छात्र-छात्राओं को अपना रिजल्ट क्लियर करने का मौका दिया जा रहा है।

## एमएड में अगले सप्ताह से शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एमएड कोर्स की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत अगले सप्ताह से होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। सबकुछ ठीक रहा तो 20 नवंबर से तीन कालेजों में नामांकन शुरू होगा। करीब एक सप्ताह तक छात्र-छात्राओं को नामांकन कराने के लिए समय दिए जाने का प्रस्ताव है।

**20 से नामांकन का विश्वविद्यालय ने तैयार किया प्रस्ताव**

परीक्षा विभाग की ओर से तैयार प्रस्ताव पर अभी प्रशासनिक स्वीकृति मिलनी बाकी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही मंजूरी दी जाएगी। दूसरी ओर एमएड में केवल 77 सीटों पर ही नामांकन होगा। विश्वविद्यालय की ओर से तैयार मेधा सूची के अनुसार तीन कालेजों में केवल 77 विद्यार्थियों का आवंटन किया गया है। इसमें तुर्की बीएड कालेज में सबसे अधिक 45, ललन मिश्रा कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट में 29 और वैशाली के एक कालेज में तीन विद्यार्थियों का आवंटन किया गया है। एमएड के रेगुलेशन के अनुसार प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए कुल अंक का 50 प्रतिशत प्राप्तांक अनिवार्य है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:16.11.2024, PAGE-04**

# आज से भरे जाएंगे स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फार्म

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा फार्म शनिवार से भरा जाएगा। सत्र 2024-28 में नामांकित छात्र-छात्राएं 23 नवंबर तक संबंधित कालेजों में अपना परीक्षा फार्म भरेंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों को वेरीफिकेशन फार्म भेजे गए हैं। शनिवार को सभी कालेज फार्म को डाउनलोड कर उसे संबंधित विभाग में भेजेंगे। वहां से छात्र-छात्राओं की पूरी जानकारी फार्म में भरकर उसे संबंधित विभाग से वेरीफाई कराते हुए छात्र-छात्राओं को फार्म भरना होगा। 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ अभ्यर्थी 24 से 26 नवंबर तक फार्म भर सकेंगे।

**200 रुपये विलंब शुल्क के साथ अभ्यर्थी 24 से 26 नवंबर तक भर सकेंगे फार्म**

इसके बाद सभी कालेजों के प्राचार्य 29 नवंबर तक परीक्षा शुल्क और फार्म विश्वविद्यालय में जमा करेंगे। सीबीसीएस के तहत इस वर्ष चार वर्षीय स्नातक कोर्स में 1.60 लाख छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ है। प्रथम सेमेस्टर में नामांकित छात्र-छात्राओं की परीक्षा दिसंबर में होगी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार सत्र 2024-28 के तहत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 21 नवंबर से प्रस्तावित थी। मौजूदा तैयारियों को देख अब तय हो गया है कि परीक्षा अगले महीने में ही होगी।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 16.11.2024, PAGE-04


## परीक्षा विभाग में आइटी सेल आज होगा शुरू

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में शनिवार को आइटी सेल की शुरुआत होगी। कुलपति प्रो. डीसी राय इसका उद्घाटन करेंगे। अब तक पीजी गणित विभाग में आइटी सेल का संचालन किया जाता रहा है। अब इसे परीक्षा विभाग में ही स्थानांतरित किया गया है। इससे परीक्षा से लेकर परिणाम समेत पेंडिंग रिजल्ट को दूर करने में बेहतर समन्वय के साथ कार्य होगा। (जासं)


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 16.11.2024, PAGE-04


## सांस्कृतिक टीम के लिए सीनेट हाल में होंगी सभी प्रतियोगिताएं

- विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति में जुड़ेंगे दो नए नाम
- पहले अलग-अलग स्थल, सदस्यों की राय के बाद होगा बदलाव

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम के चयन के लिए होने वाली प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल में बदलाव किया जाएगा। अब सभी प्रतियोगिताएं सीनेट हाल में कराए जाने का प्रस्ताव है। पहले अलग-अलग प्रतियोगिता के लिए विभिन्न कालेजों से लेकर सीनेट हाल को केंद्र बनाया गया था। बैठक में सदस्यों की राय हुई कि अलग-अलग आयोजन स्थल का निर्धारण करने से इसके संयोजन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में 25 से 29 नवंबर तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन सीनेट हाल में कराए जाने पर सहमति बनी है। पहले आरबीबीएम कालेज में आन द स्पाट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले माडिलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली, स्पाट फोटोग्राफी, इंस्टालेशन, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवंबर को कराए जाने का प्रस्ताव था। वहीं संगीत से जुड़ी सभी प्रकार की गतिविधियों का आयोजन 26 नवंबर को एमडीडीएम कालेज में, नृत्य से जुड़ी सभी गतिविधियों के के लिए 27 नवंबर को आरडीएस कालेज, एलएनटी कालेज में 28 नवंबर को रंगमंचीय गतिविधियों का आयोजन और 29 नवंबर को सीनेट हाल में साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन कराए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। अब सभी गतिविधियां सीनेट हाल में ही होंगी। गतिविधियों के आधार पर कुल 28 विधाओं में विश्विवद्यालय की टीम का गठन होगा। यह टीम यूनिफेस्ट 2025 में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति में दो नए नाम जोड़े जाएंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना डा. रंजना सरकार और पीजी अर्थशास्त्र विभाग की डा. रोजी सुलोचना का नाम जोड़ा जाएगा।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:16.11.2024**
**PAGE-03**

## बिहार विवि में आज से शुरू होगा आईटी सेल

बीआरए बिहार विवि में शनिवार से आईटी सेल शुरू किया जाएगा। परीक्षा विभाग के परसिर में इसके कार्यालय का उद्घाटन होगा। इससे पेंडिंग रिजल्ट की समस्या का समाधान तुरंत हो सकेगा।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 16.11.2024**
**PAGE-04**

## विवि में एक समान होगी लॉ की फीस

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में लॉ के सभी कॉलेजों में एक समान फीस लगेगी। इसके लिए विवि प्रशासन ने चार सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी कॉलेजों में एक समान फीस हो इसकी रिपोर्ट तैयार करेगी।

बीआरएबीयू में इस वर्ष लॉ में 13 कॉलेजों में दाखिला लिया जाना है। विवि में लॉ का एक ही सरकारी कॉलेज है। बाकी कॉलेज संबद्धता प्राप्त हैं। बीते दिनों लॉ में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। सूत्रों ने बताया कि सोमवार तक लॉ की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। विवि में तीन वर्षीय और पांच वर्षीय लॉ की पढ़ाई होती है। एसकेजे लॉ कॉलेज में एलएलएम की पढ़ाई होती है।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 16.11.2024, PAGE-06**

# अपार कार्ड वाले छात्रों को ही मिलेगा हॉस्टल

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में अब उन्हीं विद्यार्थियों को हॉस्टल मिलेगा जिनका अपार कार्ड बना होगा। विवि प्रशासन इस बारे में फैसला लेने जा रहा है। अपार कार्ड बन जाने के बाद छात्रों का रिकार्ड डिजिटल तौर पर सेव रहेगा। बीआरएबीयू में अभी एक लाख 33 हजार छात्रों का अपार (स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री) कार्ड बन चुका है।

बीआरएबीयू के डीएसडब्लयू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि जिन छात्रों का अपार कार्ड बन चुका है उनका एकेडमिक क्रेडिट नैड (नेशनल एकेडमिक डिपोजेट्री) में अपलोड किया जाएगा। एकेडिक क्रेडिट के नैड में अपलोड होने से इन छात्रों की डिजिटल डिग्री बनने के साथ डिग्रियों को डिजीलॉकर में सेव भी किया जा सकेगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है।

बताया कि बीआरएबीयू सूबे का पहला विवि है जहां डिजीलॉकर की सुविधा शुरू हुई है। यूजीसी और राजभवन ने सभी विश्वविद्यालयों को डिजीलॉकर शुरू करने का निर्देश दिया था। इसके तहत सभी कॉलेजों में छात्रों का नैड अकाउंट खुलावाया जा रहा है। बताया कि बीआरएबीयू में कॉलेज के बाद पीजी छात्रों का भी अपार कार्ड बनाया जाएगा। विवि में पांच लाख छात्रों का अपार कार्ड बनाया जाना है। सभी पीजी विभाग के अध्यक्षों को छात्रों का अपार कार्ड बनाने के लिए पत्र भेजा जा रहा है। बताया कि अपार कार्ड बन जाने से छात्रों का सारा डाटा उसमें रिकार्ड रहेगा। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि बीआरएबीयू में अपार कार्ड बनाने की प्रक्रिया धीमी है। अब तक दो लाख की जगह एक लाख 33 हजार छात्रों का अपार कार्ड बन सका है। इनका ही एकेडमिक क्रेडिट नैड पर अपलोड होगा।

## एमआईटी में छात्राओं के लिए अब होगा हॉस्टल नंबर-1

मुजफ्फरपुर। एमआईटी में छात्राओं के लिए एक और हॉस्टल का इंतजाम किया जा रहा है। एमआईटी के हॉस्टल नंबर-1 को गर्ल्स हॉस्टल में बदलने की तैयारी है। इसके लिए एमआईटी ने भवन निर्माण विभाग को पत्र भेजा है। गर्ल्स हॉस्टल बनाने से पहले इसकी चहारदीवारी की जाएगी। एमआईटी में छात्राओं के लिए अभी सिर्फ एक ही हॉस्टल है। एमआईटी प्रशासन ने सितंबर 18 सितंबर को नोटिस निकाल कर वर्ष 2024 बैच की सिर्फ 18 छात्राओ को ही हॉस्टल देने की बात कही थी। हॉस्टल नहीं मिलने के कारण छात्राओ को बाहर किराए पर कमरा लेकर रहना पड़ता है। एमआईटी में छात्राओं के लिए एक हॉस्टल बना रहा था। लेकिन, ठेकेदार ने भवन को पूरा ही नहीं किया। कई वर्षों से भवन अधूरा है। एमआईटी ने प्रमंडलीय आयुक्त और डीएम से इस संबंध में बात की है। इस हॉस्टल को पूरा करने के लिए फिर से टेंडर निकाला जाएगा। एमआईटी में छात्रों के लिए सात हॉस्टल हैं।

## पीजी सेकेंड सेमेस्टर का फॉर्म 19 तक भरा जाएगा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीजी सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2023-25 का परीक्षा फॉर्म लेट फाइन के साथ अब 19 नवंबर तक भरा जाएगा। इसके अलावा पीजी फोर्थ सेमेस्टर का फॉर्म 18 से 26 नवंबर तक बिना लेट फाइन और 27 से 29 नवंबर तक लेट फाइन के साथ भरा जाएगा।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 16.11.2024, PAGE-06**

# विवि परिसर में चलाया गया सफाई अभियान

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा के निर्देश के बाद शुक्रवार को सफाई अभियान चलाया गया। सभी सेक्शन की सफाई की गई। परीक्षा विभाग में परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल की देखरेख में अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी कार्यालयों में फाइलों को व्यवस्थित किया गया। सभी जगह पोस्टर लगाकर लोगों को विवि परिसर में नहीं थूकने की हिदायत दी गई।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 16.11.2024, PAGE-04

### पहले कॉलेजों में था प्रस्ताव, फिर सदस्यों के सुझाव पर संशोधन

## सांस्कृतिक टीमें चुनने को सीनेट सभागार में करायेंगे प्रतियोगिताएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की सांस्कृतिक टीम के चयन के लिए इंटर कॉलेज यूनिफेस्ट का आयोजन सीनेट सभागार में करने पर सहमति बनी है.

पूर्व में विभिन्न कॉलेजों में इंटर कॉलेज यूनिफेस्ट के तहत अलग-अलग गतिविधियों के आयोजन का प्रस्ताव था. कल्चरल कमेटी की बैठक में सदस्यों ने विवि के सीनेट सभागार में ही सेंट्रलाइज्ड स्पर्धाएं आयोजित करने का प्रस्ताव दिया.

इसपर सदस्यों की सहमति भी बन गयी है. सदस्यों का कहना था कि अलग-अलग स्थल पर आयोजन होने पर इसके संयोजन में परेशानी होगी. ऐसे में 25 से 29 नवंबर तक होने वाली स्पर्धाएं सीनेट सभागार में कराये जाने पर सदस्यों ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी.

### 25 से 29 नवंबर तक टीम चुनी जायेंगी



स्पर्धाओं में 28 विधाओं में विवि की टीम बननी है.

### पश्चिम बंगाल में होगा फेस्ट

चयनित टीमें सिस्टर निवेदिता विवि पश्चिम बंगाल में होने वाले इस्ट जोन कल्चरल फेस्ट यूनिफेस्ट में विवि का प्रतिनिधित्व करेंगी. यह आयोजन 8 से 12 जनवरी तक प्रस्तावित है. इसमें इस जोन के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीम भाग लेंगी.

## आइटी सेल का शुभारंभ आज हाथों-हाथ सुधरवाएं रिजल्ट

- वीसी करेंगे उद्घाटन, विद्यार्थियों की परेशानी होगी दूर

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के परीक्षा विभाग में शनिवार को आइटी सेल का शुभारंभ होगा. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय इसका उद्घाटन करेंगे.

इसके बाद पेंडिंग सुधार से लेकर अन्य कार्यों का निष्पादन हाथों-हाथ हो जायेगा. यह आइटी सेल परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के ठीक सामने के कक्ष में स्थापित होगा. इसको लेकर शुक्रवार को इस कक्ष की साफ-सफाई से लेकर इसमें टेबल, कुर्सी से लेकर अन्य संसाधनों को व्यवस्थित किया गया. आइटी सेल के विवि में स्थापित होने से सीतामढ़ी, बेतिया, मोतिहारी, बगहा, शिवहर, वैशाली से विभिन्न समस्याओं को लेकर आने वाले स्टूडेंट्स को लाभ मिलेगा. पहले पेंडिंग रिजल्ट सुधारने को आवेदन लेकर उसे गणित विभाग में स्थित आइटी सेल भेजा जाता था. अब यह परीक्षा विभाग में ही रहेगा. ऐसे में पदाधिकारियों के देखरेख में समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो सकेगा.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 16.11.2024, PAGE-04

## स्नातक की विशेष परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- 18 से शुरू हो रही है परीक्षा, मुजफ्फरपुर समेत पांच जिलों मे बनाये गये है 12 केंद्र

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से 18 नवंबर से शुरू होने वाली स्नातक प्रथम वर्ष की विशेष परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है. कॉलेजों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड भेजा गया है. शनिवार को कॉलेज खुलने के बाद इसे डाउनलोड कर प्राचार्य के हस्ताक्षर व मुहर के बाद परीक्षार्थियों को हस्तगत किया जायेगा.

परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. मुजफ्फरपुर में कुल तीन समेत पांच जिलों में 12 केंद्रों पर यह विशेष परीक्षा ली जायेगी. विशेष परीक्षा में 24,433 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. मुजफ्फरपुर में डॉ जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज में 3447, श्यामनंदन सहाय कॉलेज में 2711 और एलएनटी कॉलेज में 1453 परीक्षार्थी शामिल होंगे. बता दें कि इस परीक्षा में सत्र 2019-22, 2020-23, 2021-24 और 2022-25 सत्र के अनुपस्थित, फेल, प्रमोटेड और किसी कारण परीक्षा नहीं देने वाले स्टूडेंट्स शामिल होंगे.

### स्नातक प्रथम वर्ष की यह आखिरी विशेष परीक्षा

बीआरएबीयू मे सत्र 2023 से चार वर्षीय कोर्स लागू किया गया. इसके तहत पाठ्यक्रम को सेमेस्टर सिस्टम मे बांटा गया. ऐसे मे वार्षिक सिस्टम मे नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जा रही है. यह प्रथम वर्ष की आखिरी परीक्षा होगी. विवि से बताया गया कि द्वितीय व तृतीय वर्ष की भी विशेष परीक्षा ली जायेगी.